# HINDI DEPARTMENT ACTIVITIES 2023-24

# <u>Literacy Week</u>
# <u>(1st to 8th Sept 2023)</u>

The department organized Literacy Week from 1st to 8th Sept. 2023 where approx. 50 students participated and performed various activities like Nukkad Natak, Skit, Speech etc.




KANYA MAHAVIDYALAYA KHARKHODA
NAAC Accredited 'A' Grade
Affiliated To M.D.U., Rohtak
LITERACY WEEK CAMPAIGN


KANYA MAHAVIDYALAYA KHARKHODA
NAAC Accredited 'A' Grade
Affiliated To M.D.U., Rohtak
LITERACY WEEK CAMPAIGN
1-8 September 2023
World Literacy Day
International Literacy Day

www.jagran.com

03-09-2023

## विविध गतिविधियां

# रैली निकालकर किया जागरूक




शिक्षा के प्रति जागरूकता के लिए रैली निकाल रही छात्राओं को रवाना करतीं प्राचार्य डा. योगिता मलिक • जागरण

**संस, खरखौदा :** अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर शनिवार को शहर के कन्या कालेज की छात्राओं ने रैली निकाली, जिसे कालेज प्रांगण से कालेज प्राचार्य डा. योगिता मलिक ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कन्या कालेज इन दिनों साक्षरता सप्ताह मना रहा है, जिसके तहत विभिन्न गतिविधियों को अंजाम दिया जा रहा है। प्राचार्य डा. योगिता मलिक ने बताया कि भारत सरकार द्वारा नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-20201 की तीसरी वर्षगांठ के अवसर पर साक्षरता जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई। ऐसे में वह रैली, नुक्कड़ नाटक, पोस्टर मेकिंग, नारा लेखन, भाषण, वाद-विवाद, प्रभात फेरी, शिक्षाप्रद अन्य गतिविधियों को हम अंजाम दे रहे हैं। जिससे लोगों का शिक्षा के प्रति रुझान बढ़े। इसके तहत ही आज साक्षरता रैली निकाली गई। इस अवसर पर डा. दर्शना दहिया, डा. सीमांत, डा. शालिनी, ममता, डा. अनीता, डा. प्रमिला और डा. विजयदीप मौजूद रहे।

# कन्या कालेज में साक्षरता सप्ताह का समापन




छात्रा को सम्मानित करती प्राचार्य डा. योगिता मलिक • कालेज

**संस, खरखौदा :** कन्या कालेज में चल रहे साप्ताहिक साक्षरता कार्यक्रम का शुक्रवार को समापन हो गया। बीते एक सप्ताह से कन्या कालेज में शिक्षा के प्रसार व प्रचार को लेकर विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे थे, जिसमें छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिता व जागरूकता रैलियों में हिस्सा लिया। समापन अवसर पर कालेज में भाषण के माध्यम से साक्षरता को लेकर अपने विचार रखे। डा. प्रमिला व डा. विजयदीप की देखरेख में यह आयोजन किया गया। छात्रा काजल, रश्मि, समिति, छाया, रीना ने साक्षरता दिवस के महत्व और नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति की तीसरी वर्षगांठ के अवसर पर अपनी प्रस्तुति दी। इस दौरान विभिन्न गतिविधिओं में हिस्सा लेने वाली छात्राओं को प्राचार्य ने सम्मानित किया। छात्राओं ने साक्षरता को लेकर विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लेकर अपने ज्ञान का भी परिचय दिया है।

9/9/2023

9/9/2023

# रिपोर्ट

## साक्षरता सप्ताह अभियान (1 से 8 सितंबर 2023)

कन्या महाविद्यालय, खरखौदा में प्राचार्या डॉ० (श्रीमती) योगिता मलिक की अनुमति से साक्षरता सप्ताह अभियान (1 से 8 सितंबर) की शुरुआत कम्युनिटी आउटरीच सैल, जेंडर स्टडी सोसायटी एवं महिला प्रकोष्ठ, रोड सेफ्टी क्लब और हिंदी विभाग के प्रभारियों डॉ० प्रमिला और डॉ० विजयदीप के नेतृत्व में की गई।
भारत सरकार द्वारा 'नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020' (NEP-2020) की तीसरी वर्षगांठ के अवसर पर साक्षरता जागरूकता अभियान चलाया गया। इसी के तहत कन्या महाविद्यालय में भी साक्षरता के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के लिए पूरे सप्ताह विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

1 सितंबर 2023 को छात्राओं को शिक्षाप्रद डॉक्यूमेंट्री मूवी 'थीर' और 'मैं हूँ कलाम' दिखायी गई।

2. सितंबर 2023 को छात्राओं द्वारा 'हम सबका यही नारा है जन-जन को साक्षर बनाना है' के नारे लगाते हुए खरखौदा क्षेत्र में रैली निकाली गई।

3. सितंबर को छात्राओं ने नारा लेखन (आनलाइन) गतिविधि में सक्रिय भाग लेकर साक्षरता का संदेश दिया।

4. सितंबर को छात्राओं ने 'चल रे साथी चल, चल पढ़ने को चल' गीत गाते हुए प्रभात फेरी निकाली।

5. सितंबर 2023 को छात्राओं ने 'शिक्षा का महत्त्व' विषय पर 'नुक्कड़ नाटक' प्रस्तुत कर साक्षरता का संदेश दिया।

6. सितंबर 2023 को छात्राओं ने 'साक्षरता' विषय पर सुंदर पोस्टर बनाए।

7. सितंबर 2023 को छात्राओं ने घर-घर जाकर लोगों को साक्षरता के महत्त्व को समझाया।

8. सितंबर 2023 को छात्राओं ने भाषण के द्वारा अपने विचार प्रस्तुत कर नई शिक्षा नीति और शिक्षा के महत्त्व को उजागर किया।

इन सभी गतिविधियों में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की और शिक्षा का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इन गतिविधियों में 50 छात्राओं ने सक्रियता से भाग लिया। कार्यक्रम/साक्षरता अभियान का समापन 8 सितंबर को 'अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस' के अवसर पर इन सभी छात्राओं को इनकी मेहनत व लगन के लिए प्राचार्या द्वारा रु. 2500/- के नकद पुरस्कार देकर किया गया।

Principal
Kanya Mahavidyalaya
Kharkhoda, Sonipat

# HINDI DIWAS
# (14th Sept. 2023)

Hindi Diwas was celebrated in college premises on 14th Sept. 2023 in both online and offline mode where a total of 34 students participated. Hindi Poetic Recitation Competition was organized in the online mode and Declamation Contest was conducted in the offline mode.



# कन्या महाविद्यालय, खरखौदा (सोनीपत)

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक से सम्बद्ध

(NAAC द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त)

**'हिंदी दिवस'** दिनांक: 14 सितंबर, 2023

के उपलक्ष में

हिंदी विभाग द्वारा 'हिंदी साहित्य परिषद्' के तहत

**राज्य स्तरीय ऑनलाइन कविता पाठ प्रतियोगिता**

**परिणाम**

| Name | Class | College | Position |
|---|---|---|---|
| अंतिम | बी.एड द्वितीय वर्ष | छज्जू राम कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन, हिसार | प्रथम |
| अनमोल | बी.ए. द्वितीय वर्ष | डॉ. भीम राव आंबेडकर राजकीय महाविद्यालय डबवाली, सिरसा | द्वितीय |
| ख़ुशी | एम.वोक. प्रथम वर्ष | कन्या महाविद्यालय खरखौदा, सोनीपत | तृतीय |
| यामिनी | बी.ए. द्वितीय वर्ष | चौधरी हरद्वारी लाल राजकीय महाविद्यालय छारा, झज्जर | सांत्वना |


हिन्दी साहित्य परिषद्
हिन्दी
दिवस

# <u>MAHARSHI VALMIKI JAYANTI</u>

# <u>(27th Oct. 2023)</u>

On the occasion of Maharshi Valmiki Jayanti Inter Class Quiz Contest was organized where a total 32 students participated actively.



सच कहूँ | मँच वहुँ 28 Oct 2023 - Page 6

बिल को दुरूस्त करवाना चाहता है   एसडीएम निर्मल नागर

# रामायण के अध्याय को पढ़कर करें उसका अनुसरण : डॉ. शालिनी




**सच कहूँ/ हेमंत कुमार**

**खरखौदा।** रोहतक मार्ग पर स्थित कन्या महाविद्यालय में महर्षि वाल्मीकि जयंती के पर, प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ कार्यकारी प्राचार्य डॉक्टर शालिनी ने किया।उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि सतयुग के एक महान ऋषि थे। वह हमारे देश के सबसे पहले कवि रहे हैं उन्होंने अपने पहले छंद का आविष्कार गंगा नदी के तट पर किया था । उन्होंने अपने जीवन की घटनाओं के माध्यम से हमें, अनुशासन और जीने के तौर तरीकों के बारे में बहुत सिखाया है। हमें उनके दिखाए मार्ग का अनुसरण करना चाहिए। रामायण को न केवल पाठ्यक्रम में अपितु हमें अपने जीवन में धारण करनी चाहिए। संस्कृत विभाग की ममता ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित रामायण की शिक्षाओं को, प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में धारण करना चाहिए। तभी हम एक आदर्श और नैतिक समाज का निर्माण कर सकते हैं । रामायण में लिखे एक-एक अध्याय को पढ़कर हमें उसका अनुसरण करना चाहिए। प्रमिला ने भी वाल्मीकि के जीवन दर्शन के बारे में अवगत कराया। जिसे तीन भागों में कराई गई। प्रत्येक भाग में 10 प्रश्न पूछे गए। जिसमें ए टीएम विजेता रही। इस अवसर पर डॉ दर्शना दहिया, डॉ सीमांत आदि मौजूद रहे।

शनिवार SATURDAY, 28 अक्तूबर 2023

# कन्या कालेज में मनाई महर्षि वाल्मीकि जयंती



विजेता टीम की छात्राओं के साथ शिक्षक।

खरखौदा, 27 अक्तूबर (शर्मा): कन्या कालेज में हिंदी और संस्कृत विभाग के संयुक्त तत्वावधान में प्राचार्य डा. शालिनी की अध्यक्षता में महर्षि वाल्मीकि जयंती मनाई गई। इस दौरान छात्राओं ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

इस अवसर पर संस्कृत विभाग से ममता ने छात्राओं को महाकाव्य रामायण के विषय में बताया कि रामायण की शिक्षाओं को प्रत्येक व्यक्ति को धारण करना चाहिए तभी हम एक आदर्श और नैतिक समाज का निर्माण कर सकते हैं।

प्रतियोगिता में ए टीम ने विजय हासिल की, जिस पर टीम को एक हजार रुपए का नकद ईनाम देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डा. प्रमिला, डा. विजयदीप, ममता, डा. दर्शना दहिया, डा. सीमांत आदि मौजूद रहे।

हरिभूमि

## कन्या कालेज में मनाई गई वाल्मीकि जयंती

**वि, खरखौदा :** कन्या कालेज मे हिंदी और संस्कृत विभाग के संयुक्त तत्वावधान मे प्राचार्य डा. शालिनी की अध्यक्षता मे महर्षि वाल्मीकि जयंती मनाई गई। इस दौरान छात्राओं ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता मे हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इस अवसर पर संस्कृत विभाग से ममता ने छात्राओं को महाकाव्य रामायण के विषय मे बताया कि रामायण की शिक्षाओं को प्रत्येक व्यक्ति को धारण करना चाहिए तभी हम एक आदर्श और नैतिक समाज का निर्माण कर सकते हैं। ए टीम ने विजय हासिल की, जिस पर टीम को एक हजार रुपये का इनाम दिया गया।

28-10-23

दैनिक जागरण

# VISHV HINDI DIWAS

# (9th Jan. 2024)

Vishv Hindi Diwas (World Hindi Day) was actively celebrated in the college. Slogan Writing Competition was organized under the same.

Student KusumLata also secured 1st position in CRA College in Slogan Writing Competition and got a cash prize of Rs. 1100.

https://aimamedia.org/newsdetails.aspx?nid=196629




10 जनवरी 2024
दैनिक जागरण

www.jagran.com

## हिंदी का प्रसार गौरव का विषय : डा. सीमांत

**वि, खरखौदा** : शहर के रोहतक मार्ग पर स्थित कन्या कालेज में मंगलवार को विश्व हिंदी दिवस की पूर्व संध्या पर स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। विभाग प्रभारी डा. प्रमिला व डा. विजयदीप की अगुवाई में करवाई गई इस प्रतियोगिता की अध्यक्षता कार्यकारी प्राचार्य डा. सीमांत ने की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज हिंदी केवल साहित्यिक हिंदी ही नहीं है बल्कि प्रयोजनमूलक हिंदी के रूप में प्रसिद्ध होकर कंप्यूटर और इंटरनेट की भाषा भी बन गई है। हिंदी को बढ़ावा देने में फिल्म उद्योग, प्रवासी साहित्य की अहम भूमिका है। अमेरिका जैसे देशों में भी हिंदी वहां के कई विश्वविद्यालयों में एक अनिवार्य विषय के रूप में पढ़ाई जाती है। हिंदी विश्व की दूसरी सबसे लोकप्रिय भाषा बन गई है। देश-विदेश में हिंदी का प्रचार-प्रसार हो रहा है। इस अवसर पर डा. प्रमिला ने कहा कि हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा और मातृभाषा है। हम अपनी भाषा में अपनी अभिव्यक्ति सशक्त रूप में कर सकते हैं। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाली छात्राओं द्वारा लिखे गए स्लोगन की इस दौरान एक प्रदर्शनी लगाई गई। छात्रा कुसुमलता ने पहला, दीक्षा ने दूसरा और तनु व समिति ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

## कुसुम को इंटर कालेज स्लोगन प्रतियोगिता में मिला पहला स्थान



छात्रा कुसुम का स्वागत करती प्राचार्य डा. दर्शना दहिया • कालेज प्रबंधन

**वि, खरखौदा**: शहर के कन्या कालेज की बीए तृतीय वर्ष की छात्रा कुसुम लता ने छोटू राम आर्य कालेज, सोनीपत में आयोजित स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। पदक जीतकर लौटने पर प्राचार्य डा. दर्शना दहिया की अगुवाई में कुसुम लता का स्वागत किया गया और उपलब्धि पर बधाई दी। हिंदी विभाग प्रभारी डा. प्रमिला का कहना है कि सीआरए कालेज, सोनीपत में विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर इंटर कालेज स्लोगन लेखन और हरियाणवी कविता पाठ प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थी। जिसमें छात्रा कुसुम लता ने स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। प्राचार्य ने छात्रा के स्वागत अवसर पर कहा कि हमारी छात्राओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, जरूरत है केवल उनको सही मार्गदर्शन की।

14 जनवरी 2024
दैनिक जागरण

सच कहूँ | मॅच वहूँ
SACHKAHOON.COM

10 Jan 2024 - Page 11

# कुसुमलता ने लिखा सब से अच्छा स्लोग्न



**सच कहूँ / हेमंत कुमार**

**खरखौदा।** विश्व हिंदी दिवस पर रोहतक मार्ग पर स्थित कन्या महाविद्यालय में, स्लोग्न स्पर्धा हुई। जिस मं लता ने सब से अच्छा स्लोग्न लिखा। कार्यवाहक प्राचार्य डॉ सीमांत की देखरेख में डॉ प्रमिला ने कहाकि 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस सभी शिक्षण संस्थानों में विविध रूपों में मनाया जाता है।संस्थाओं में हिंदी की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए, कविता पाठ ,भाषण स्पर्धा,प्रदर्शनी आदि लगा रहे हैं। हिंदी साहित्यिक ही नहीं अपितु प्रयोजन मूलक के रूप में, कंप्यूटर और इंटरनेट की भाषा बन गई है। हिंदी को बढ़ावा देने में फिल्म उद्योग ,प्रवासी साहित्य की अहम भूमिका है।अमेरिका के कई विवि मेंहिंदी अनिवार्य भाषा के रूप में पढ़ाई जाती है। यह हमारे लिए बड़े ही गौरव की बात है कि आज हिंदी विश्व की दूसरी सबसे लोकप्रिय भाषा बन गई है।

डॉ सीमांत ने कहा कि हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा और मातृभाषा है । दूसरी भाषाओं का ज्ञान प्राप्त करना अच्छी बात है लेकिन हमें अपनी भाषा पर अवश्य पकड़ बनानी चाहिए।डॉ विजयदीप ने भी विचार व्यक्त किए। स्लोगन स्पर्धा में बीए की 20 छात्राओं ने हिस्सा लिया। जिन छात्राओं ने अच्छे स्लोग्न लिए उनकी प्रदर्शनी लगाई, जिस का अवलोकन डॉ सीमांत ,डॉ प्रमिला और डॉ विजयदीप ने किया । कुसुमलता ने प्रथम , दीक्षा ने दूसरा व तृतीय स्थान तनु और समिति ने प्राप्त किया। अनुशा और संतोष को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया।


विश्व हिन्दी दिवस

# INTERNATIONAL MATRIBHASHA DIWAS

# (21st Feb. 2024)

A Poster Making Competition was organized on topic “मातृभाषा का महत्त्व” where a total of 45 students participated.

https://aimamedia.org/newsdetails.aspx?nid=206430



सच कहूँ | मँच वड़ी
22 Feb 2024 - Page 13

# भूमिका ने बनाया सबसे अच्छा पोस्टर




**सच कहूँ /हेमंत कुमार**

**खरखौदा।** रोहतक मार्ग पर स्थित कन्या महाविद्यालय में हिंदी विभाग द्वारा प्राचार्य डा.वीरेंद्र दहिया की अध्यक्षता में, अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर पोस्टर मेकिंग स्पर्धा कराई गई। मातृ भाषा में शिक्षण की जरूरत विषय पर कराई गई । हिंदी विभाग प्रभारी डॉ. प्रमिला, डॉ.विजय दीप की देखरेख में, बीए की छात्राओं ने सुंदर पोस्टर । डॉ. प्रमिला ने कहा कि 21 फरवरी 1999 में यूनेस्को ने मातृभाषा दिवस मनाने की घोषणा की थी 'प्रत्येक देश अपनी मातृभाषा को बढ़ावा देने के लिए प्रयास करता है। शिक्षण संस्थानों में इसको प्रभावी रूप में लागू करने के प्रयास हैं। हम अपनी मातृभाषा और संस्कृति पर गर्व महसूस करें। नुक्कड़ नाटक, पोस्टर मेकिंग, स्लोगन ,राइटिंग भाषण, कविता पाठ प्रतियोगिताएं कराई जाती हैं। प्राचार्य डॉ. वीरेंद्र सिंह ने कहा कि प्रत्येक भाषा अपने आप में समृद्ध होती है और उसके प्रयोग करने वालों के कारण ही जीवित रहती है भाषा परिवर्तनशील होती है यह निरंतर कठिनता से सरलता की ओर बढ़ती है। कोई भी मनुष्य अपनी मातृभाषा में ही सर्वोत्तम अभिव्यक्ति कर सकता है। वर्तमान में व्यक्ति घर बैठे ही अपने भाषा कौशल में वृद्धि कर सकता है। पोस्टर मेकिंग में 45 छात्राओं ने हिस्सा लिया । निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ.सीमांत डॉ. सारिका व डॉ.प्रमिला ने निभाई ' बीए प्रथम की भूमिका प्रथम, कुसुमलता दूसरे और सलोनी, अनुषा और वंशिका तीसरे स्थान पर रही ।

# पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भूमिका ने मारी बाजी

खरखौदा, 21 फरवरी (शर्मा): कन्या महाविद्यालय में हिंदी विभाग द्वारा प्राचार्य डॉ. वीरेंद्र दहिया की अध्यक्षता में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। हिंदी विभाग की प्रभारी डॉ. प्रमिला और डॉ. विजयदीप के नेतृत्व में आयोजित इस प्रतियोगिता में बी.ए. प्रथम, द्वितीय और तृतीय वर्ष की छात्राओं ने हिस्सा लिया।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. वीरेंद्र सिंह ने कहा कि प्रत्येक भाषा अपने आप में समृद्ध भाषा है। कोई भी भाषा उसके प्रयोग करने वालों के कारण ही जीवित रहती है। जिस भाषा का



*प्रतियोगिता में भाग लेतीं छात्राएं।*

लोग जितना ज्यादा प्रयोग करेंगे वह भाषा उतनी ही ज्यादा विकसित होगी और निरंतर आगे बढ़ती रहेगी। भाषा परिवर्तनशील होती है। यह निरंतर कठिनता से सरलता की ओर बढ़ती है। भाषा को हम निरंतर प्रयोग में लाकर उसकी उपयोगिता और महत्व को बढ़ा सकते हैं।

प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. सीमांत, डॉ. सारिका व डॉ. प्रमिला ने निभाई। प्रतियोगिता में बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा भूमिका ने प्रथम, कुसुम लता, सलोनी ने द्वितीय तथा अनुषा और वंशिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त समिति, पूजा, मिताली, अंजलि, महक तथा ललिता ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। प्राचार्य ने सभी छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

# 9th INTERNATIONAL HUMANITY OLYMPIAD

# (Sept. 2023)

The 9th International Humanity Olympiad was organized by Satyug Darshan Trust, New Delhi. 4 students secured 1st, 2nd, 3rd and 4th positions in the olympiad.



# LIST OF WINNERS FOR SESSION 2023-24

## Supervised by: Dr. Permila Devi

| *S. N o* | *Date* | *Name of Student* | *Class & Roll no* | *Event* | *Organized By* | *Level* | *Position* |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 10-11-2023 | Bhoomika | B.A. 1st Year 2040 | Poster Making | KVA DVA College for Women Karnal | State | Consolation |
| 2. | 14-09-2023 | Khushi | M.VOC (I) | Poetic Recitation | KM Kharkhoda | State | 3rd |
| 3. | 21-11-2023 | Anusha | B.A. 3rd Year 2043 | Thali Decoration | Govt. College for Women Karnal | National | 3rd |
| 4. | 14-09-2023 | Khushi | M.VOC (I) | Poetic Recitation | Ishar Jyot Degree College For Women Pehowa | State | 1st |
| 5. | 14-09-2023 | Ashu | MA 1st Year 4009 | Poetic Recitation | Govt. College for Girls Sirsa | State | 2nd |
| 6. | 18-09-2023 | Ashu | MA 1st Year 4009 | Poetic Recitation | Shiksha Sanskriti Uthan Nyas New Delhi | National | Participation |
| 7. | 18-09-2023 | Khushi | M.VOC (I) | Poetic Recitation | Shiksha Sanskriti Uthan Nyas New Delhi | National | Participation |
| 8. | 24-01-2024 | Mansi | BCA 1sy Year | Essay Writing | Indira Gandi (P.G) Mahila Mahavidyalaya Kaithal | National | Participation |
| 9. | 30-01-2024 | Bhoomika | B.A. 1st Year 2040 | Graffiti & Creative Painting | Chhotu Ram Arya College Sonepat | State | Consolation |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 10. | 30-01-2024 | Nisha | B.A. 1st Year 2011 | Graffiti & Creative Painting | Chhotu Ram Arya College Sonepat | State | Participation |
| 11. | 10-01-2024 | KusumLata | BA 3rd Year 2054 | Slogan Writing | Chhotu Ram Arya College Sonepat | Inter College | 1st |
| 12. | Sept 2023 | Rashmi Dahiya | BA 2ND Year 2070 | 9th International Humanity Olympiad | Satyug Darshan Trust New Delhi | College | 1st |
| 13. | Sept 2023 | Resham Dahiya | | 9th International Humanity Olympiad | Satyug Darshan Trust New Delhi | College | 2nd |
| 14. | Sept 2023 | Bhoomika Dahiya | | 9th International Humanity Olympiad | Satyug Darshan Trust New Delhi | College | 3rd |
| 15. | Sept 2023 | Samiti Bharti | | 9th International Humanity Olympiad | Satyug Darshan Trust New Delhi | College | 4th |